कक्षाओं से छात्र-शिक्षक नदारद

यूटीयू के कुलपति ने किया औचक निरीक्षण, ऑनलाइन पोर्टल पर दर्शाई फर्जी उपस्थिति

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। रुड़की के तीन संस्थानों के औचक निरीक्षण में कक्षाओं में एक भी छात्र उपस्थिति नहीं देख उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति हैरान रह गए। अधिकांश शिक्षक भी नदारद मिले। यही नहीं विवि के ऑनलाइन पोर्टल पर फर्जी तरीके से उपस्थिति दर्शा दी गई। इस पर कॉलेजों के निदेशकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

यूटीयू के कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने शुक्रवार को रुड़की कॉलेज ऑफ फार्मेसी (आरसीपी), रुड़की कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट (आरसीएम) और इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की (आईटीआर) का औचक निरीक्षण किया।

कुलपति ने इन संस्थानों में बीफार्म, बीटेक एवं एमबीए पाठ्यक्रम की कक्षाओं का निरीक्षण किया तो एक भी छात्र उपस्थित नहीं मिला। इस संबंध में

रुड़की क्षेत्र के कॉलेजों का औचक निरीक्षण करते यूटीयू के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह। स्रोत : विवि.

कुलपति ने जब उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया तो फरवरी के बाद किसी भी छात्र की उपस्थिति का रिकॉर्ड नहीं मिला। कुलपति ने इस पर जवाब मांगा तो तीनों संस्थानों के निदेशकों से कोई उत्तर देते नहीं बना। निरीक्षण में छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्शाने में भी फर्जीवाड़ा सामने आया। डॉ. ओंकार सिंह ने बताया कि इन संस्थानों ने फर्जी तरीके से उन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति भी पोर्टल पर दर्ज करा दी, जिनका मैनुअल उपस्थिति पंजिकाओं में फरवरी के बाद उपस्थिति का रिकॉर्ड ही नहीं है। वहीं, शिक्षकों के बारे में पूछा गया तो कुछ एक ही मौजूद थे। उनसे छात्रों की उपस्थिति न होने के संबंध में लिखित नोट मांगा गया है।

15 मई तक अनिवार्य रूप से कक्षाएं संचालित करने के आदेश दिए हैं। कुलपति ने कहा कि कम उपस्थिति के कारण छात्रों को परीक्षाओं में नहीं बैठने दिया गया तो इसकी जिम्मेदारी संस्थानों की होगी। शिक्षकों की अनुपस्थिति को लेकर संस्थान निदेशकों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।